उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज

पत्रांक : 2273 /चयन/2021–22 दिनांक 27.10.2021

विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या–02/2021 प्रवक्ता विषयों की लिखित परीक्षा दिनांक 17 व 18 अगस्त, 2021 को सम्पन्न हुई थी। प्रवक्ता विषयों की लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार निम्नलिखित दिनांक को आयोजित किया गया था:–

विषय कोड	विषयों	साक्षात्कार की तिथि
04	जीव विज्ञान	11.10.2021 से 14.10.2021
06	गणित	05.10.2021 से 07.10.2021
07	अंग्रेजी	05.10.2021 से 10.10.2021
14	मनो विज्ञान	11.10.2021 से 13.10.2021
16	कला	08.10.2021 से 10.10.2021
17	तर्कशास्त्र	14.10.2021
20	सैन्य विज्ञान	14.10.2021
21	गृह विज्ञान	10.10.2021
22	संगीत गायन	26.10.2021
23	संगीत वादन	10.10.2021

उपर्युक्त विषयों के घोषित पैनल के कालम 'SELECTION AS' में जिनके सामने अनारक्षित (UR)/आरक्षण श्रेणी (OBC/SC/ST/EWS) अंकित नहीं है, वे 'रिक्तियों की संख्या से अधिक' के अन्तर्गत प्रदर्शित हैं तथा चयनित अभ्यर्थी की श्रेणी में नहीं है। घोषित पैनल के कालम 'SELECTION AS' में जिनके नाम के सामने अनारक्षित (UR)/आरक्षण श्रेणी (OBC/SC/ST/EWS) प्रदर्शित है, उनका संस्था आवंटन रिक्तियों की संख्या के अनुरूप चयनबोर्ड नियमावली, 1998 के नियम–12 (10) के अनुसार बोर्ड द्वारा किया जायेगा।

अभ्यर्थियों द्वारा उ०प्र० माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली 1998 के नियम 12 (9) में दी गयी व्यवस्था के अनुसार साक्षात्कार के समय विज्ञापित संस्थाओं की अधिमानता आनलाइन भरी गयी थी। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को उनके द्वारा आवेदित आरक्षण श्रेणी का ही विद्यालय संस्था आवंटन हेतु तत्समय प्रदर्शित किया गया था। अन्तिम चयन परिणाम में कतिपय आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी मेरिट के आधार पर सामान्य श्रेणी में चयनित है परन्तु सामान्य श्रेणी की संस्था की अधिमानता न होने के कारण उनकी अधिमानता अब शून्य है। **इसलिए मात्र आरक्षित श्रेणी (OBC/SC/ST) के ऐसे समस्त अभ्यर्थी जो मेरिट के आधार पर सामान्य श्रेणी में चयनित है, उन्हें सामान्य श्रेणी की संस्था की अधिमानता का आनलाइन विकल्प प्रस्तुत करने हेतु दिनांक 29.10.2021 तक का समय प्रदान किया जाता है। अधिमानता आनलाइन भरने का लिंक चयन बोर्ड की अधिकारिक बेवसाइट www.upsessb.org पर उपलब्ध है जिस पर जाकर अभ्यर्थी अपनी अधिमानता भर सकते हैं।**

27-10-2021

नवल किशोर

उपसचिव/परीक्षा नियन्त्रक